ITI LIMITED

आईटीआई लिमिटेड ने लिथियम ऑयन सेल्स के विनिर्माण हेतु केंद्रीय विद्युत रसायन अनुसंधान संस्थान (सीईसीआरआई-सीएसआईआर) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।

टेलीकॉम उपकरण निर्माण और नेटवर्क संचार में अग्रणीय, आईटीआई लिमिटेड ने केंद्रीय विद्युत रसायन अनुसंधान संस्थान (सीईसीआरआई-सीएसआईआर) के साथ वर्ष 2019-2020 के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया, जो विभिन्न निर्माण के पेटेंट के साथ लिथियम ऑयन सेल्स के विद्युत रसायन अनुसंधान में लगे हुए एक प्रमुख अनुसंधान संस्थान है।

दिनांक 22 मार्च, 2019 को श्री वाई मुरलीधर, महाप्रबंधक-बीजी एवं आर एंड डी, इकाई प्रमुख, बेंगलूरु प्लांट और डॉ. एन कलैसेल्वी, निदेशक, सीएसआईआर-सीईसीआरआई द्वारा श्री अलगेसन, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, आईटीआई लिमिटेड, डॉ. वी.के सरस्वत, सदस्य एनआईटीआई आयोग और डॉ. एस मोहन, मुख्य वैज्ञानिक, सीईसीआरआई, चेन्नई यूनिट की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन(एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया।

इस करार के माध्यम से सीईसीआरआई-सीएसआईआर के साथ समझौता हुआ सीएसआईआर-सीईसीआरआई ने 18650 लिथियम ऑयन सेल्स को विकसित करने हेतु आईटीआई को दिया जा रहा है जिसे सीईसीआरआई-सीएसआईआर के दिशानिर्देश और समर्थन के तहत आईटीआई में 18650 लिथियम ऑयन सेल्स के विनिर्माण के लिए एक मंच की स्थापना हुई।

समझौता ज्ञापन (एमओयू) के अंतर्गत, सीईसीआरआई-सीएसआईआर ने आईटीआई कार्मिकों को प्रशिक्षण देने और उक्त टेक्नॉलाजी स्थापना समर्थन के लिए अपनी सहमति व्यक्त की है।